प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 06.01.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- राज्य में लोकायुक्त और सूचना आयुक्त समेत विभिन्न आयोगों में रिक्त पड़े पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया चार सप्ताह में होगी पूरी, राज्य सरकार ने झारखंड उच्च न्यायालय को कराया अवगत।
- राज्य के सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए शिक्षा विभाग ने जारी किए गाइडलाइन, 16 फरवरी तक भरे जाएंगे आवेदन।
- स्वास्थ्य विभाग ने रांची सदर अस्पताल में हाई डिपेंडेंसी यूनिट खोलने का लिया निर्णय, गंभीर मरीजों को मिलेगी इलाज की अत्याधुनिक सुविधाएं।
- धनबाद का तोपचांची झील अंतरराष्ट्रीय पर्यटक स्थल के रूप में होगा विकसित, 184 करोड़ रुपए होंगे खर्च, पर्यटन विभाग ने तैयार किया प्रस्ताव।
- रांची में 69 वीं राष्ट्रीय स्कूली तीरंदाजी प्रतियोगिता आज से शुरू, राष्ट्रीय सीनियर वालीबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी भी झारखंड को मिली।

****

राज्य में लोकायुक्त और सूचना आयुक्त समेत विभिन्न आयोगों में रिक्त पड़े पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया चार सप्ताह के अंदर पूरी कर ली जाएगी। झारखंड उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से यह जानकारी दी गई। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश राजेश शंकर की पीठ को महाधिवक्ता ने बताया कि नियुक्ति को लेकर सारी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई है और समिति के गठन संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री के पास भेजा गया है।

****

शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस में शैक्षणिक सत्र 2026 – 27 में प्रवेश को लेकर दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके तहत बाल वाटिका और कक्षा एक में 40– 40 बच्चों का नामांकन होगा। इसके लिए 16 फरवरी तक आवेदन जमा होंगे। संबंधित जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी विद्यालय वार प्राप्त होने वाले आवेदनों को राज्य परियोजना कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे इसके बाद नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

****

स्वास्थ्य विभाग ने सदर अस्पताल, रांची में 26 बिस्तरों की क्षमता वाले हाई डिपेंडेंसी यूनिट खोलने का निर्णय लिया है। इसके लिए अत्याधुनिक बिस्तर और चिकित्सीय उपकरण खरीदने की प्रक्रिया चल रही है। इस यूनिट में गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को जांच और इलाज की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होगी। यह यूनिट अस्पताल में इंटेंसिव केयर यूनिट और क्रिटिकल केयर यूनिट से अलग होगी। दूसरी तरफ रिम्स, रांची में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र को निबंधन के तत्काल बाद जारी करने की व्यवस्था लागू कर दी गई है।

****

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलबधि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इस तंत्र का शुभारंभ किया था। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा के कारण बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और मुद्दों का समाधान संभव हुआ है। इस विशेष श्रृंखला में आज मिशन अमृत सरोवर पर नजर डालते हैं। जिसका उद्देश्य देश में जलाशयों का निर्माण करना और उन्हें पुर्नजिवित करना है।

****

धनबाद के तोपचांची झील को अंतरराष्ट्रीय पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। झील परिसर क्षेत्र में प्राकृतिक सौंदर्य को संरक्षण देने के साथ पर्यटकों के लिए कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। पर्यटन विभाग ने बताया कि इस पर लगभग 184 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। विकास आयुक्त की अध्यक्षता वाली राज्य योजना प्राधिकरण को इस परियोजना का प्रस्ताव मंजूरी के लिए भेजा गया है।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

****

केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर राज्य के पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, रांची, गोड्डा और साहिबगंज में दो हजार से ज्यादा सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस सिलसिले में पूर्वी सिंहभूम में इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई हैं। सिविल डिफेंस के डिप्टी कंट्रोलर अर्णव मिश्रा ने बताया कि प्रशिक्षण अवधि में चयनित स्वयंसेवकों को मानदेय भी मिलेगा।

****

हजारीबाग जिले में डालसा की ओर से नशा मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रंजीत कुमार ने बताया कि 12 जनवरी तक चलने वाले इस अभियान के तहत शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों के जरिये लोगों को नशा सेवन से दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

****

घरेलू शेयर बाजार सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह गिरावट के साथ कार्य कर रहे हैं। ताजा समाचार मिलने तक सेंसेक्स 197 अंक गिरकर 85 हजार 248 और निफ्टी 25 अंक गिरकर 26 हजार 224 रहा।

****

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 27 हजार 500 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत दो लाख 60 हजार रुपये प्रति किलो है

****

हजारीबाग में कड़ाके की ठंड को देखते हुए डालसा द्वारा गरीबों और जरूरतमंदों के बीच गरम कपड़े और कंबल का वितरण किया जा रहा है। डालसा के सचिव गौरव खुराना ने बताया कि न्यायिक पदाधिकारी सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं।

****

रांची के खेलगांव स्थित टिकट उमराव स्टेडियम में आज से 69 वीं राष्ट्रीय स्कूल तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। 2 दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में देश भर के कुल 639 तीरंदाज हिस्सा ले रहे हैं । इनमें 338 बालक और 301 बालिका खिलाड़ी शामिल हैं। इस प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से किया जा रहा है। दूसरी तरफ, राष्ट्रीय सीनियर वालीबॉल चौंपियनशिप की मेजबानी भी झारखंड को सौंपी गई है।

****